## नोएडा हिंसा मामला - हाईकोर्ट जाइए, यहां पहले ही 93000 केस लंबित, शीर्ष कोर्ट का छात्रा को जमानत देने से इनकार



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नोएडा में 13 अप्रैल को हुए मजदूरों के प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़काने के आरोप में गिरफ्तार एक छात्रा को जमानत देने से इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने आकृति चौधरी की ओर से पेश वकील से कहा कि वह इलाहाबाद हाई कोर्ट में जाएं। पीठ ने कहा, आप हाईकोर्ट क्यों नहीं जाते? हर कोई अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दायर करके यहां आता है। सुप्रीम कोर्ट में 93 हजार मामले पहले से ही लंबित हैं। आकृति चौधरी के वकील ने अदालत को बताया कि पुलिस ने गिरफ्तारी के कारण नहीं बताए और जमानत की मांग की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को यह भी बताया कि आकृति चौधरी दिल्ली विश्वविद्यालय की छात्रा हैं। शीर्ष कोर्ट ने केशव आनंद नाम के व्यक्ति की याचिका पर पुलिस अधिकारियों को नोटिस भी जारी किया, जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाया गया है। नोएडा की एक कोर्ट ने पहले तीन महिलाओं आकृति चौधरी, मनीषा चौहान और सृष्टि गुप्ता की शर्तों के साथ पुलिस रिमांड की अनुमति दी थी। इन पर 13 अप्रैल के औद्योगिक मजदूरों के प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़काने का आरोप है। कोर्ट ने यह भी कहा था कि जांच के दौरान उनके वकीलों को मौजूद रहने की अनुमति होगी। आकृति चौधरी और सृष्टि गुप्ता दोनों दिल्ली की रहने वाली हैं और उनकी उम्र 20 के आसपास है। चौधरी ने दौलत राम कॉलेज से इतिहास में स्नातकोत्तर किया है, जबकि मनीषा नोएडा की एक औद्योगिक इकाई में काम करती हैं। पुलिस ने हिरासत के लिए दायर आवेदन में कहा था कि आरोपियों के घर से अहम साक्ष्य मिलने की पूरी संभावना है।

नोएडा में पिछले महीने फैक्टरी मजदूरों का विरोध प्रदर्शन वेतन वृद्धि की मांग को लेकर हुआ था। अधिकारियों के अनुसार, कई औद्योगिक इकाइयों के मजदूर लंबे समय से वेतन संशोधन की मांग को लेकर इकट्ठा हुए और नारेबाजी की। हालांकि, यह प्रदर्शन बाद में हिंसक हो गया क्योंकि कुछ लोगों ने कथित तौर पर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, पत्थर फेंके और एक वाहन में आग लगा दी।

## इतना न उछलो बीजेपी वालों, अहंकार तो..., फ्लाइट में महुआ मोइत्रा के खिलाफ लगे नारे तो भड़के संजय सिंह



नई दिल्ली।

तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने दिल्ली जा रही इंडिगो की एक फ्लाइट में अपने साथ कथित दुर्व्यवहार और उत्पीड़न का आरोप लगाया है और एक वीडियो भी एक्स पर शेयर किया है. अब इस मामले पर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की प्रतिक्रिया सामने आई है. आप सांसद ने कहा है कि इतनी गुंडागर्दी न दिखाओ भाजपाइयों, अहंकार तो रावण का नहीं चला तो तुम क्या चीज हो? आप सांसद संजय सिंह ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा-÷ये क्या गुंडागर्दी चल रही है देश में? लोकसभा की महिला सांसद महुआ मोइत्रा के साथ प्लेन में अभद्रता ये साबित करता है की बीजेपी का अहंकार चरम पर है. इतनी गुंडागर्दी न दिखाओ भाजपाइयों, अहंकार तो रावण का नही चला तो तुम क्या चीज हो? बेईमानी से चुनाव जीत कर इतना न उछलो बीजेपी वालों. टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए बताया कि वह संसद की रक्षा संबंधी स्थायी समिति की बैठक में शामिल होने के लिए इंडिगो की फ्लाइट 6ई-719 से दिल्ली यात्रा कर रही थीं. उनके अनुसार, वह विमान की सीट 1एफ पर बैठी थीं, तभी 4 से 6 लोगों का एक समूह विमान में सवार हुआ. टीएमसी सांसद का आरोप है कि ये लोग लगातार उन्हें घूरते रहे और बाद में विमान के पिछले हिस्से की ओर चले गए. उन्होंने कहा कि फ्लाइट के दिल्ली पहुंचने के बाद, लेकिन विमान का दरवाजा खुलने से पहले, इन लोगों ने जय श्री राम के नारे लगाने शुरू कर दिए. इसके साथ ही टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने इस घटना को उनकी सुरक्षा और निजी गरिमा का उल्लंघन बताते हुए कहा कि इसे जनता का गुस्सा÷ बताना गलत होगा. उन्होंने आरोप लगाया कि यह एक सोची-समझी हरकत थी, जिसका उद्देश्य उन्हें मानसिक रूप से परेशान करना था.

## बार आपका इंतजार कर रहा है, महिला वकील की याचिका खारिज कर सीजेआई सूर्यकांत ने सुनाया दिलचस्प निजी किस्सा

नई दिल्ली।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने शुक्रवार को अदालत में एक दिलचस्प निजी अनुभव साझा करते हुए न्यायिक सेवा अभ्यर्थी को भविष्य के लिए प्रेरित किया। दरअसल, न्यायिक सेवा परीक्षा की अभ्यर्थी प्रेरणा गुप्ता अपनी उत्तर पुस्तिका के पुनर्मूल्यांकन की मांग लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची थीं। हालांकि मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उनकी याचिका खारिज कर दी, लेकिन सुनवाई के दौरान सीजेआई ने अपना निजी अनुभव साझा कर माहौल को भावुक बना दिया। सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहा कि जब वह कानून की अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहे थे, तब उन्होंने भी न्यायिक सेवा के लिए आवेदन



किया था। उस समय अंतिम वर्ष के छात्र भी आवेदन कर सकते थे। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में बदलाव के बाद हाई कोर्ट के जजों की राय निर्णायक हो गई थी। सीजेआई ने बताया कि उसी दौरान उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में वकालत शुरू की थी। इंटरव्यू पैनल में शामिल एक वरिष्ठ न्यायाधीश उन्हें पहले से जानते थे, क्योंकि वह उनके समक्ष दो महत्वपूर्ण मामलों में बहस कर चुके थे। सीजेआई ने बताया कि एक दिन उस न्यायाधीश ने उन्हें अपने कक्ष में बुलाकर पूछा कि क्या वह न्यायिक अधिकारी बनना चाहते हैं। उनके हां कहने पर न्यायाधीश ने तुरंत उन्हें बाहर जाने को कह दिया। सीजेआई ने कहा कि उस वक्त उन्हें लगा कि उनके सारे सपने टूट गए हैं और उनका करियर खत्म हो गया। हालांकि अगले दिन वही न्यायाधीश फिर मिले और उन्होंने सलाह दी कि अगर वह न्यायाधीश बनना चाहते हैं तो बन सकते हैं, लेकिन बेहतर होगा कि वह वकालत जारी रखें क्योंकि बार उनका इंतजार कर रही है।

सीजेआई सूर्यकांत ने बताया कि इसके बाद उन्होंने इंटरव्यू में शामिल न होने का फैसला किया और पूरी तरह वकालत पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने अदालत में मौजूद याचिकाकर्ता से पूछा कि क्या उनका वह फैसला गलत था। साथ ही उन्होंने अभ्यर्थी को भविष्य में उच्च न्यायिक सेवा परीक्षा देने और आगे बढ़ने की सलाह दी। याचिका खारिज होने के बावजूद प्रेरणा गुप्ता अदालत से मुस्कुराते हुए बाहर निकलीं।

## गर्मी का इलाज, जेब में रखो प्याज, दिल्ली के Heat Action Plan पर कांग्रेस का तंज

नई दिल्ली। कांग्रेस ने दिल्ली की मुख्यमंत्री के लू अभियान पर निशाना साधते हुए कहा कि मोदी सरकार के एक मंत्री ने पहले ही गर्मी का इलाज, जेब में प्याज रखो की लू कार्य योजना की घोषणा कर दी है। कांग्रेस नेता और पूर्व पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश का यह तंज केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के उस पुराने नुस्खे पर था, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि वे गर्मी के चरम मौसम में अपनी जेब में प्याज रखते हैं ताकि गर्मी से राहत पा सकें। रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री ने गर्मी से जंग, दिल्ली सरकार के संग के नारे के साथ देश की राजधानी के लिए एक हीट एक्शन प्लान की घोषणा की है। दरअसल, उनके भाजपा सहयोगी और मोदी सरकार के एक मंत्री ने पहले ही गर्मी का इलाज, जेब में प्याज रखो के नारे के साथ हीट एक्शन प्लान शुरू कर दिया था। कुछ दिन पहले मध्य प्रदेश के गुना स्थित अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र में एक सभा को संबोधित करते हुए सिंधिया ने कहा कि आज के युग में हर कोई फोन रखता है, लेकिन वह प्याज रखते हैं, क्योंकि यह चिलचिलाती गर्मी में शरीर का तापमान नियंत्रित करने में मदद करता है। फिर उन्होंने अपनी बात साबित करने के लिए अपनी जेब से एक प्याज निकाला, जिससे वहां मौजूद लोग खूब हंसे। सिंधिया ने कहा कि मैं अपनी कार में एसी नहीं चलाता, मैं बस अपनी जेब में एक प्याज रखता हूं। केंद्रीय संचार मंत्री ने आगे कहा कि अपनी जेब में एक प्याज रखिए; 51 डिग्री की गर्मी में भी कुछ नहीं होगा।

## दिल्ली पुलिस का बड़ा एक्शन, ऑपरेशन गैंग बस्ट 2.0 में 48 घंटे में 482 अपराधी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने राजधानी और एनसीआर में सक्रिय संगठित अपराध सिंडिकेट्स के खिलाफ अब तक का बड़ा अभियान चलाते हुए ऑपरेशन गैंग बस्ट 2.0 के तहत 48 घंटे तक लगातार छापेमारी की. 5 मई सुबह 8 बजे से शुरू हुआ यह ऑपरेशन 7 मई सुबह 8 बजे तक चला. जिसमें दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में एक साथ कार्रवाई की गई. इस दौरान पुलिस ने 1014 ठिकानों पर रेड मारी और कुल 482 अपराधियों व गैंग सदस्यों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार, नकदी, नशीले पदार्थ, शराब और वाहन भी बरामद किए. दिल्ली पुलिस के मुताबिक इस बार ऑपरेशन में सिर्फ गैंगस्टरों को ही नहीं, बल्कि उनके पूरे नेटवर्क को निशाना बनाया गया. इसमें शूटर्स, हथियार सप्लायर, फर्जी सिम उपलब्ध कराने वाले, फाइनेंसर, वाहन उपलब्ध कराने वाले सोशल मीडिया हैंडलर और ठिकाने देने वाले लोगों पर भी कार्रवाई की गई.

**शाहजाद भट्टी नेटवर्क पर सबसे बड़ा वार**

दिल्ली पुलिस के इस ऑपरेशन में पाकिस्तान समर्थित और ISI से जुड़े बताए जा रहे शाहजाद भट्टी नेटवर्क पर कार्रवाई रही. पुलिस का कहना है कि यह नेटवर्क सोशल मीडिया के जरिए भारत में युवाओं को जोड़कर उन्हें देश




विरोधी गतिविधियों में इस्तेमाल कर रहा था. इन लोगों से सुरक्षा प्रतिष्ठानों की रेकी, सीसीटीवी कैमरे लगवाने, हथियार और ड्रग्स की सप्लाई कराने और टारगेट किलिंग जैसे काम कराए जा रहे थे. स्पेशल सेल ने शाहजाद भट्टी नेटवर्क से जुड़े 9 लोगों को गिरफ्तार किया है. इनमें उत्तर प्रदेश, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश और गुजरात के आरोपी शामिल हैं. पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों को दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत में सुरक्षाकर्मियों पर फायरिंग करने का टास्क दिया गया था. कुछ आरोपी हथियार तस्करी में भी शामिल थे.

**नंदू गैंग समेत कई बड़े गैंग्स पर शिकंजा**

ऑपरेशन के दौरान कुख्यात गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग के 7 सदस्य गिरफ्तार किए गए. इसके अलावा काला जठेड़ी, हाशिम बाबा, टिल्लू, कौशल चौधरी, सद्दाम गौरी और अन्य गैंग्स के सदस्यों पर भी कार्रवाई हुई. पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक सबसे यादा 443 गिरफ्तारियां दूसरे छोटे-बड़े गैंग्स से जुड़े अपराधियों की हुई हैं.

**भारी मात्रा में हथियार और ड्रग्स बरामद**

इस पूरे ऑपरेशन के दौरान पुलिस ने 141 पिस्टल, 212 कारतूस, 79 चाकू, 24 वाहन ,करीब 19 लाख रुपये नकद, 19 किलो नशीला पदार्थ ,1234 शराब की बोतले बरामद किए है. दिल्ली पुलिस के मुताबिक, जेलों और विदेशों में बैठे गैंग सरगनाओं के नेटवर्क को कमजोर करने के लिए